आईएमडी पूर्वानुमान: फरवरी के दौरान उत्तर भारत में सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई एम डी) ने पूर्वानुमान लगाया है कि फरवरी के दौरान उत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तर भारत में सात मौसम संबंधी उपखंड हैं जिनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

आई एम डी ने अनुमान लगाया है कि महीने में बारिश लंबी अवधि की औसत (एल पी ए) के 121% से अधिक होने की संभावना है। 1961-2010 के आंकड़ों के आधार पर फरवरी के दौरान उत्तर भारत में वर्षा की लंबी अवधि की औसत लगभग 65.3 मिलीमीटर है।

पूर्वानुमान है कि पंजाब और हरियाणा के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

फरवरी के दौरान न्यूनतम तापमान पूर्वोत्तर भारत के पूर्वी हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और मध्य भारत के दक्षिणपूर्वी हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

प्रायद्वीपीय भारत के पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी तटीय क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।